# कृषि एवं संस्कृति के क्षेत्र में परस्पर सहयोग करेंगे भारत और सूरीनाम

**लखनऊ।** भारत में सूरीनाम की राजदूत आशना कन्हाई ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। दोनों के बीच सूरीनाम और भारत, खासकर उत्तर प्रदेश के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ करने पर विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूरीनाम और यूपी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के लोगों और उनके पूर्वजों के माध्यम से सूरीनाम और यूपी का हमेशा से गहरा रिश्ता रहा है।



सूरीनाम की राजदूत ने मुख्यमंत्री योगी से की शिष्टाचार भेंट

कन्हाई ने कहा कि यूपी समेत संपूर्ण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। कृषि विकास और संस्कृति के क्षेत्र में सूरीनाम और यूपी मिलकर कार्य कर सकते हैं। सूरीनाम के निवासियों की जड़ों व उनके पूर्वजों से संबंधित स्थलों की खोज के लिए भी उल्लेखनीय कार्य किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज आदि तीर्थ स्थल हैं। ईको टूरिज्म की दृष्टि से अनेक रमणीक स्थल, समृद्ध ऐतिहासिक विरासत और विविधतापूर्ण संस्कृति पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। ब्यूरो